आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगरपालिका परिषद,रामनगर द्वारा वर्ष 2024–2025 हेतु पालिका के विभागीय आयकर तथा वस्तु एवं सेवा कर सम्बंधी प्रकरणों में परामर्श प्रदान करना, वस्तु एवं सेवा कर तथा आयकर से सम्बन्धित वादों के निस्तारण, सम्बन्धित मदों की रिटर्न फाइलिंग करना, पालिका कार्मिको के फार्म–16 तैयार करना और आवश्यकतानुसार कार्यालय को उपलब्ध करवाया जाना आदि अन्य समस्त कार्य जो पालिका, आयकर तथा वस्तु एव सेवा कर, से सम्बन्धित प्रकरणों में अपनी सेवायें/परामर्श प्रदान किये जाने हेतु अनुभवी विषेशज्ञ की नियुक्ति की जानी है। जिस हेतु पालिकासीमान्तर्गत स्थित सी0ए0/सी0ए0 फर्म/संबन्धित विशेषज्ञो से कोटेशन के माध्यम से पारिश्रमिक की दरें आमन्त्रित की जाती है। उक्त हेतु कोटेशन/दरें सूचना प्रकाशन की तिथि से दिनांक 01.03.2024 की अपरान्ह 11.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में पालिका कार्यालय में प्राप्त करवाये जा सकते है। निर्धारित समय के भीतर प्राप्त कोटेशन दिनांक 01.03.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे प्रभारी अधिकारी महोदय के समक्ष खोलें जायेंगें। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी कोटेशन पर कोई विचार नही किया जायेगा।

अतः उक्त हेतु इच्छुक सी०ए०/सी०ए०फर्म/संबन्धित विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर अपने कोटशन कार्यालय में प्राप्त करवा सकते है। **इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी एवं शर्ते किसी भी कार्यदिवस में पालिका के लेखा–अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।**

(महेन्द्र कुमार यादव)
अधिशासी अधिकारी

(राहुल शाह)
प्रभारी अधिकारी

कार्यालय नगरपालिका परिषद,रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक 4078 दिनांक 16-02-2024

प्रतिलिपिः–

1. नोटिस बोर्ड कार्यालय, नगरपालिका परिषद,/उपजिलाधिकारी/तहसील/खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर में चस्पा हेतु।
2. रमेश आर्या, अनुसेवक नगरपालिका परिषद,रामनगर को इस आदेश के साथ प्रेषित की प्रस्तुत आम सूचना को पालिका बेबसाइट www.nagarpalikaramnagar.in में अपलोड किये जाना सुनिश्चित करें।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद,रामनगर।